दिनांक: ~~17/05/2022~~ 29-8-22

क्रमांक: 15-01

प्रेषक:

अनुभाग अधिकारी
हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
अंकेक्षण वृत सिरमौर

प्रेषित:

प्राधानाचार्य ,
संस्कृत महाविद्यालय नाहन
जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश।

विषय: नगर पंचायत राजगढ के लेखाओं अवधि 04/2014 से 03/2022 के लिये हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा अंकेक्षण किए जाने बारे।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर आपको सूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेष राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा नगर संस्कृत महाविद्यालय नाहन के लेखाओं अवधि 04/2014 से 03/2022 का अंकेक्षण ~~23/05/2022~~ 6/9/22 से आरम्भ किया जाना अपेक्षित है। अतः आप से अनुरोध है कि अंकेक्षणावधि के लिये इन लेखाओं का माहवार आय व्यय का ब्यौरा इस पत्र के साथ संलग्न प्रारूप के अनुसार तथा अन्य सूचनायें निम्न वर्णित प्रारूपों के अनुसार तैयार करवा कर अन्य सभी अंकेक्षण योग्य अभिलेख सहित अंकेक्षण के समय प्रस्तुत करवाना सुनिष्चित करवाएं।

उपरोक्त के अतिरिक्त इस विभाग द्वारा किये गये गत अंकेक्षण के प्रतिवेदनों में उठाई गई अपत्तियों के निपटारे हेतु आवश्यक अनुपालना कार्रवाई भी अंकेक्षण के आरम्भ होने से पूर्व ही करवाना सुनिष्चित करवाएं ताकि अंकेक्षण के दौरान उनका निपटारा भी किया जा सके।

धन्यवाद।

प्रति बबिता कुमारी (एलडीसी)
प्राचार्य
31/8/2022

भवदीय

29-8-22
(ममता रावल)
अनुभाग अधिकारी
हि.प्र.राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
मोबाईल: 9736570073

Please keep/provide the following information relating to funds of your college ready in the prescribed Performa:-

1. Strength of admissions in college during audit period.
2. Month Wise income and Expenditure Statements along annual Financial Position during the Audit Period.
3. The amount of admission fees collected and deposited in the Treasury through Challan, etc is put up for verification.
4. Name and amount of funds collected from students during the years of Audit.
5. Passbooks of Funds Deposited in the Post Office/Bank to be put up for verification along with funds register.
6. Bank Statements for the Audit period be put up.
7. Total Balances up to the period of Audit be put up.
8. Any other income received in funds such as Sale of old magazines, Answers Sheets, etc.
9. Lecturers recruited during the Audit Period out of Amalgamated Fund against leave vacancies of individual (Name & Period) —NIL—
10. Amount of Funds Spent on Sports activities during the Audit Period.
11. TA/DA paid to various teachers out of fund during the year. —NIL—
12. Library Security Receipts and Refunds made during the Audit Period.
13. Amount of unclaimed library Security. 47442/=
14. Investments made out of Funds Shown in FDRs. —NIL—
15. Grants Received during the year. —NIL—
16. List of Advances paid and Adjusted during the year.
17. Registration/Re-registration and Examination fees collected along with its further transmission to University.

Sr. No.	Year	No of students Class wise					
		PS-I	PS-II	SH-1st	SH-2nd	SH-3rd	Total
1	2014-15	8	19	20	17	29	**93**
2	2015-16	21	8	26	19	16	**90**
3	2016-17	12	15	24	20	17	**88**
4	2017-18	44	9	28	24	20	**125**
5	2018-19	41	32	26	26	22	**147**
6	2019-20	41	27	49	23	26	**166**
7	2020-21	39	35	49	47	23	**193**
8	2021-22	133	31	71	47	48	**330**
9	2022-23	180	84	92	66	45	**467**
	Total	**519**	**260**	**385**	**289**	**246**	**1699**

Principal
Gorakshnath Govt. Sanskrit College
Nahan, District Sirmour (H.P.) 173001
13/8/22

DDOs List of GSC Nahan District Sirmour H.P. w.e.f. 01.04.2014 to 31.03.2022 as under:-

Sr.No.	Name of the DDOs	From	TO
1	Sh. Budhi Ram Sharma	01.04.14	30.09.14
2	Dr.Praveen Kumar	01.10.14	19.04.17
3	Dr.Ram Lal Tomar	20.04.17	26.07.17
4	Dr.Randhir Singh Chowalta	27.07.17	24.10.17
5	Dr.Vibhav Kumar Shukla	25.10.17	31.03.22

Principal
Gorakshnath Govt. Sanskrit College
Nahan, District Sirmour (H.P.) 173001
13/8/22

अंकेक्षण ज्ञापन सं.–रा0ले0प0वि–सि0वृ–016–02 दिनांक–29/09/2022

विषय– गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन के अवधि 4/14 से 3/22 तक के लेखाओं के अंकेक्षण में वित्तीय स्थिति से सम्बन्धित टिप्पणियां।

उपरोक्त विषय पर आपको सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा प्रस्तुत अवधि 04/14 से 03/22 की छात्र निधियों की रोकड बहीयों की जांच करने पर पाया गया कि–

1. विद्यालय में छात्र लेखाओ की समेकित रोकड बही के साथ–साथ निधिवार अलग अलग रोकड बही भी संधारित की जा रही है। दोनों प्रकार की रोकड बहियों में 01/04/2014 को आरम्भिक शेष व दिनांक 31/03/2022 को अन्त शेष में अन्तर पाया गया है। 31/03/2022 को ~~पाए गए~~ अन्त शेष में पाए गए अन्तर रू 21664/– का अभिलेख /स्पष्टीकरण आपके द्वारा प्रस्तुत कर दिया गया है जिसकी सत्यापना लेखा परीक्षा द्वारा ~~प्रस्तुत~~ कर दी गई है।

2. परन्तु 01/04/2022 को पाए गए रू 14253.27 के अन्तर बारे अभी तक कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया है जो कि शीघ्र प्रस्तुत किया जाए–

1	2	3	4	5	6
Sr. No.	**Fund Name**	**Opening Balance as per Individual Cashbook as on 01/04/2014**	**Opening Balance as per Consolidated Cashbook as on 01/04/2014**	**Opening Balance as per Bank as on 01/04/2014**	**Difference (4-3)**
1	Amalgamated Fund	238576			
2	Fine Fund	72023			
3	Exam Fund	33936			
4	Magazine Fund	33626			
5	Library Fund	123922			
6	Scout & Guide Fund	48552			
7	Registration & Contingency Fund	11074			
8	Medical Fund	34128.42			
9	Audio Visual Fund	3706.99			
10	Red Cross Fund	22.32			
11	Building Fund	301304			
12	**Total**	**900870.73**	**915124**	**915124**	**14253.27**

3. वित्तीय स्थिति की जांच पर यह भी पाया गया कि Audio Visual Fund and Red Cross निधि में आरम्भिक शेष व अन्त शेष क्रमशः रू 3706.99 व रू22.33 (Same Amount) दर्शाया गया है। अतः इन दोनों निधियों की रोकड बही/खाता सं0/आदि अभिलेख लेखा परीक्षा हेतु प्रस्तुत करने की कृपा करें ताकि उक्त खातों की स्थिति स्पष्ट की जा सके।

(ममता रावल)

Section Officer
State Audit Department
Shimla-9 (H.P.)
Ph - 9736570073

Govt Sanskrit College Nahan, Distt:- Sirmour (H.P)

S.N	Financial Year	Open./B	Income	Instt.	G.T	Exp.	C/B	Remark	
1	2011-12	391124.73	219961	21578	632663.73	120771	511892.73		
2	2012-13	511892.73	182799	24108	718799.73	130269	588530.73		
3	2013-14	588530.73	154042	26504	769076.73	169510	599566.73		

S.N	Name Of Fund	o/B as on 31-3-11	O/B as on 31-3-14	
1	A/F	162905	238576	
2	ABS Fine Fund	31000	72023	
3	Exam Fund	26844	33936	
4	Magazine Fund	19918	33626	
5	Library Fund	103717	123922	
6	Scout Guide	14320	48552	
7	Reg./Cont. Fund	1760	11074	
8	Med. Fund	26931.42	34128.42	
9	Audio Visual	3706.99	3706.99	
10	Red Cross	22.32	22.32	
	G. Total	391124.73	599566.73	

Govt

Section Officer (Audit
Local Audit Deptt.
H.P. Shimla - 171009

Principal
Govt. Sanskrit College
Nahan, Distt. Sirmour
D.D.O. - SMR - 211

ज्ञापन सं.–रा0ले0प0वि–सि0वृ–016–03 CIAIR

दिनांक–03/10/2022

गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन के अवधि 4/14 से 3/22 तक के लेखाओं के अंकेक्षण बारे– अंकेक्षण के दौरान व्यय से सम्बन्धित टिप्पणियां ।

1. अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि रोकड बही पृ0 सं0 59 वाउचर सं0 52 माह– 9/14 द्वारा महेश बुक डिपो से बिल सं0 1818 दिनांक 07/07/14 अनुसार 900 रू में 300 पहचान पत्र 3 रू प्रति पहचान पत्र की खरीद की गई थी। इस क्रय से सम्बन्धित स्टॉक प्रविष्टि की पडताल करने पर पाया गया कि यह प्रविष्टि यूनियन फंड के स्टॉक रजिस्टर पृ0 सं0 93 पर की गई थी जिसके अनुसार केवल 92 पहचान पत्र जारी किए गए थे। अतः शेष 208 पहचान पत्र बारे स्थिति स्पष्ट करने की कृपा करें। इसके अतिरिक्त अस्थायी स्टॉक रजिस्टर की पडताल करने पर पाया गया कि वर्ष 2021–22 के दौरान सैनी प्रिन्टिंग प्रैस से बिल सं0 4488 दिनांक 28/06/2021 द्वारा 8रू प्रति प्रति पहचान पत्र की दर से रू2800/– में 350 पहचान पत्र खरीदे गद थे। जिनमें से केवल 330 जारी किए गए। 92

उपरोक्त तथ्यो व आंकडों की पूष्टि करते हुए वर्ष 2015–16 से 2020–21 के दौरान खरीदे गए पहचान पत्र से सम्बन्धित सूचना निम्न प्रपत्र पर प्रस्तुत करने की कृपा करें–

वित्तीय वर्ष	वाउचर सं0/ दिनांक	बिल का विवरण	खरीदे गए पहचान पत्र की सं0	प्रति पहचान पत्र की दर व राशि	स्टॉक रजिस्टर पृ0 सं0	जारी किए गए पहचान पत्र की सं0	अपव्यय की राशि
2014–15	59/ 09--14	1818/ 07/07/14	300	दर–3 कुल–900	93	92	624
2015–16							
2016–17							
2017–18							
2018–19							
2019–20							
2020–21							
2021–22		4488/ 28–06–2021	350	दर–8 कुल–2800	190	330	160

Detail

Rs.-190

2. वाउचर सं0 607–615 माह– 03/19 रोकड बही पृ0 सं0 128
उपरोक्त भुगतान वाउचर अनुसार निम्न भुगतान किया गया था–

बिल सं0– 02 दिनांक– 05/03/2019			
विक्रेता– **Vegamine Enterprises**			
विवरण	मात्रा	दर	राशि
Manual Vending Machine	1	6000	6000
Incinerator (200) Capacity	1	13500	13500
Sanitary Pads	600	4	2400
Installation Charges	2	500	1000
AMC Vending Machine (2 Years)	1	3000	3000
AMC Incinerator (2 Years)	1	6000	6000
Total			31900
Freight			1500

Grand Total	33400

उपरोक्त भुगतान से सम्बन्धित निम्न आपत्तियां दर्ज की गई–

(क) प्राप्त निविदाओ के लिफाफे साथ संलग्न नहीं है। निविदा आमंत्रण पत्र, तुलनात्मक विवरणी, प्राप्त निविदाओं व आपूर्ति आदेश को प्राधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त Elevate Info. System द्वारा प्रस्तुत निविदाओं को खरीद समिति द्वारा हस्ताक्षरित नही किया गया है। अतः निविदाओं की यह प्रक्रिया अनुचित व अनियमित प्रतीत होती है जिसके बारे पक्ष स्पष्ट करने की कृपा करें।

(ख) निविदा आमंत्रण पत्र में खरीदी जाने वाली मशीन के तकनीकी विनिर्देश व खरीदी जाने वाली मशीनों की संख्या भी अंकित नही है। तकनीकी विनिर्देश स्पष्ट न होने के कारण प्रत्येक निविदाकार ने अलग–अलग मशीनों की निविदाएं प्रस्तुत की थी जिस कारण प्रस्तुत निविदाओं की तुलना सम्भव न हो सकी। अतः तुलनात्मक विवरणी किस आधार पर तैयार की गई है, स्पष्ट करने की कृपा करें।

(ग) वार्षिक रख–रखाव शुल्क Annual Maintenance Charges(AMC) हेतु भुगतान किए गए वार्षिक रख–रखाव से सम्बन्धित अभिलेख जैसे के कम्पनी के किसी कर्मचारी द्वारा तकनीकी मुआयने हेतु उपस्थिति आदि, से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत करने की कृपा करें ताकि वार्षिक रख–रखाव हेतु भुगतान राशि रू 9000 बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जा सके।

(घ) उपरोक्त मशीन के साथ खरीदे गए सेनेटरी पैड Sanitary Pads(600 No.) के जारी करने का विवरण व उसके उपरान्त अतिरिक्त सेनेटरी पैड कय करने व उसकी स्टॉक प्रविष्टि तथा खपत सम्बन्धी विवरण भी प्रस्तुत करने की कृपा करें ताकि मशीन के शत–प्रतिशत उपयोग व लाभार्थी को प्रदान किए जाने वाले लाभों बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सके।

3. वाउचर सं0 661–662 माह– 09/19 रोकड बही पृ0 सं0 138
उपरोक्त भुगतान वाउचर अनुसार निम्न भुगतान किया गया था–

बिल सं0– CH/57 दिनांक– 31/08/2019	
विक्रेता– M/s Readers Paradise.	
विवरण	राशि
Tribune	142
Amar Ujala	142
-	867
Total	1157

उपरोक्त 867 के अधिक भुगतान बारे स्थिति स्पष्ट करने की कृपा करें अन्यथा इस राशि की वसूली उचित स्त्रोत से कर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

4. वाउचर सं0 ? माह– 03/22 रोकड बही पृ0 सं0 169
उपरोक्त भुगतान वाउचर अनुसार निम्न भुगतान किया गया था–

बिल सं0– 08121 दिनांक– 27/02/2022			
विक्रेता– Zee Electronics Shop No. 200 Ambala Cantt.			
विवरण	मात्रा	दर	राशि
Ahuja SSA 250 DP	1	18200	18200
Ahuja SR 250 DXM	2	9276	19450
Ahuja M/C 98 XLR	4	1300	5200
Ahuja Wire M/C 495VI	1	2900	2900
Dholki Stand	3	200	600
SP Wire	-	-	2800

Stand	1	850	850
Total			50000
+ 18% GST			9000
Total			59000

उपरोक्त क्रय से सम्बन्धित स्टॉक प्रविष्टि अस्थाई स्टॉक रजिस्टर पृ0 स0 93 पर करने का औचित्य स्पष्ट करने की कृपा करें।

5. वाउचर सं0 641–6435 माह– 09/19 रोकड बही पृ0 सं0 136 बिल सं0 119 दिनांक 04/09/19 द्वारा महालक्ष्मी टेन्ट हाउस से रू 6250 में 25 रू की दर से 250 रिफ्रशमेन्ट खरीदी गई थी, जिसकी निविदा सम्बन्धित औपचारिकताएं प्रस्तुत करने की कृपा करें।
6. अंकेक्षण अवधि के दौरान महाविद्यालय पत्रिका पर व्यय से सम्बन्धित सूचना प्रस्तुत करने की कृपा करे।
7. छात्र निधि से क्रय की गई Serviceable and Unserviceable Items की सुची , भैतिक सत्यापन व स्टॉक रजिस्टर सहित अंकेक्षण को प्रस्तुत करने की कृपा करें।
8. प्राथमिक चिकित्सा से सम्बन्धित सामग्री का स्टॉक रजिस्टर अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत करने की कृपा करें।

3-10-22
(Mamta Rawal)
Section Officer
State Audit Department
Shimla-9 (H.P.)
Camp at SKT College
Nahan

अंकेक्षण ज्ञापन सं.–रा0ले0प0वि–सि0वृ–016–04

दिनांक–03/10/2022

विषय– गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन के अवधि 4/14 से 3/22 तक के लेखाओं के अंकेक्षण बारे– अंकेक्षण के दौरान आय/प्राप्तियों से सम्बन्धित टिप्पणियां ।

उपरोक्त विषय पर सूचित किया जाता है कि छात्र निधि लेखाओं का अवधि 04/14 से 03/22 के अंकेक्षण के दौरान निम्न टिप्पणीयां दर्ज की गई है जिनकी तथ्यों व आंकडों की पुष्टि करते हुए वस्तुस्थिति से लेखा परीक्षा को अवगत करवाने की कृपा करें–

1. रोकड बही में प्रप्ति पक्ष में रसीद सख्याओं का विवरण नहीं दिया गया है जिस कारण रसीदों/शुल्क प्रप्ति रजिस्टर/रोकड बही में दर्ज राशि, आदि का उचित मिलान करना सम्भव नहीं हो सका।
2. रोकड बही में भुगतान पक्ष में राशि किस मद से सम्बन्धित व्यय की गई है, का विवरण अंकित नहीं है जिस कारण भुगतान राशि के उचित/अनुचित प्रभार बारे स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी।
3. निम्न रीद बहियों को पूर्णतया प्रयोग में नहीं लाया गया है तथा निम्न विवरणानुसार बहियां लम्बे समय से खाली रखी गई है। जिस बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए इन खाली रसीद बहियों को तुरन्त प्रयोग में लाना सुनिश्चित करें–

क्र0सं0	रसीद सं0	खाली रसीदों का विवरण	जिस तिथि/माह से खाली है
1	1–100	100	06/14
2	701–800	793–799	07/14
3	401–500	472–500	02/15
4	501–600	578–600	06/18
5	301–400	390–400	27/06/18
6	401–500	488–500	28/11/18
7	201–300	271–300	28/11/17
8	301–400	304–400	01/07/19
9	1–100	79–100	29/07/21

4. रसीद सं0 701–800 की पडताल करने पर पाया गया इस रसीद बुक को 792 तक प्रयोग किया गया है तथा 793–799 खाली रखी गई है। इसी रसीद बुक में 799 के बाद की रसीद (मूल व प्रति सहित) फाड दिया गया है। कितनी रसीदों को फाडा गया है यह ज्ञात करना सम्भव नहीं है क्योंकि उक्त रसीदों पर क्रम सं0 का प्रमाण पत्र अंकित नहीं है। उक्त मामले पर उचित छानबीन उपरान्त स्थिति से लेखा परीक्षा कों अवगत करवाने की कृपा करें।

5. अस्थाई अग्रिमों के रजिस्टर का अनुरक्षण न करना

नमूना अंकेक्षण जांच में पाया गया है कि महाविद्यालय द्वारा निरन्तर खेलकूद प्रतियोगिताओं तथा अन्य फुटकर व्यय हेतु अस्थाई अग्रिम राशियों का आहरण किया गया है। परन्तु इन अग्रिमों के समायोजन अथवा प्रतिपूर्ती पर प्रबन्धकीय नियन्त्रण रखने हेतु किसी प्रकार का संकलित ब्यौरा/रजिस्टर अनुरक्षित नहीं किया जा रहा है। इस प्रकार के संकलित अभिलेख का अनुरक्षण न करना एक गम्भीर अनियमितता है जिसके सन्दर्भ में उचित स्पष्टीकरण सहित भविष्य हेतु निम्न प्रारूप में नियमानुसार इस अभिलेख को तैयार करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

अस्थाई अग्रिमों के लेखांकन हेतु सुझाया गया अस्थाई अग्रिम रजिस्टर का सम्भावित प्रारूपः–

अस्थाई अग्रिम आहरण का विवरण							अस्थाई अग्रिम समायोजन का विवरण			
दिनांक	वाउचर	रोकड़ बही पृष्ठ	आहरण कर्ता	व्यय उद्देश्य	राशि	आहरण व वितरण अधिकारी के हस्ताक्षर	दिनांक	वाउचर	रोकड़ बही पृष्ठ	आहरण व वितरण अधिकारी के हस्ताक्षर

6. स्टॉक का प्रत्यक्ष सत्यापन न किया जानाः–

अभिलेख की जाँच में पाया गया कि निधियों से खरीद्र गये सामान की स्टॉक रजिस्टरों में प्रत्यक्ष सत्यापना नहीं की गई है जबकि हिमाचल प्रदेश वित्त नियम 2009 की धारा 140(2) के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष स्टॉक में पड़े सामान की प्रत्यक्ष सत्यापना करवाई जानी अपेक्षित है। अतः नियमों की अवहेलना करके प्रत्येक वर्ष प्रत्यक्ष सत्यापना न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये व अविलम्ब प्रत्यक्ष सत्यापन करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये तथा भविष्य में प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से प्रत्यक्ष सत्यापन करवाई जानी सुनिश्चित की जाये।

7. एक ही क्रम की एक से ज्यादा रसीद बुकों का प्रयोग करने बारेः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया है कि 04/14 से 03/22 के दौरान छात्र निधियों की वसूली हेतु एक ही क्रम की एक से ज्यादा रसीद बुक प्रयोग में लाई जा रही है। इन रसीद बुकों को भण्डार रजिस्टर में भी दर्ज नहीं किया गया है। अतः यह स्पष्ट करना कठिन है कि एक ही क्रम की वास्तव में कितनी रसीद बुक छपवाई या प्रयोग में लाई गई है। भण्डार रजिस्टर में दर्ज किए बिना यदि एक ही क्रम की तीन से ज्यादा रसीद बुक प्रयोग कि गई है तो यह भी हो सकता है कि प्रयोग की गई इस प्रकार की तीन से ज्यादा रसीद बुक छपवाकर संरक्षित या प्रयोग की गई हों तथा वह राशि कोष में जमा न की गई हो। अतः इस प्रकार के कृत से राशि की अनियमितता से इन्कार नहीं किया जा सकता। अनियमितता के कुछ उदाहरण निम्न प्रकार से है। अतः मामलें में छानबीन उपरान्त वास्तविक स्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाने की कृपा करें।

क्र0सं0	रसीद सं0	प्रयोग की तिथि
1	001–100	11/06/2010 से 30/06/2014
		29/06/19 से 29/07/2021
		03/12/19 से 28/07/2022
2	101–200	30/06/2011 से 05/02/2015
		11/06/2015 से 27/06/2018
		15/06/2019 से 24/06/2021
		27/06/2019 से 09/08/2021
3	201–300	17/12/2015 से 28/11/2017
		30/06/2018 से 15/12/2020
		24/06/2021 से 16/08/2021
4	301–400	15/06/2015 से 27/06/2018
		29/06/2020 से 01/07/2019
		05/12/2020 से 19/07/2022
5	401 से 500	29/06/2012 से 05/02/2018
		17/12/2015 से 28/11/2018
6	701 से 800	16/06/2010 से 30/06/2014
		11/06/2015 से 28/04/2018

8. अनियमित रूप से रसीद को निरस्त दिखा कर की गई रू 1369 की अनियमितताः–

आय की नमूना जांच के दौरान पाया गया कि कई रसीदों को राशि अंकित करने उपरान्त निरस्त दर्शाया गया है जबकि उनके साथ मूल प्रति संलग्न नहीं है तथा न ही प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया गया है। अतः निम्न विवरणानुसार रू 1369 कर राशि की रसीदों को निरस्त किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए या रू 1369 की राशि की उचित माध्यम से वसूली करने महाद्यािलय निधि में जमा करवाने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

क्र0सं0	रसीद सं0/ दिनांक	राशि	
1	662/21–11–18	75	MT Traceable
2	663/21–11–18	75	— Cancelled
3	664/21–11–18	75	MT Traceable
4	356/28–08–21	1144	— Actual
	कुल	1369	

9. रसीद बुकों का भण्डार रजिस्टर में दर्ज न करने बारेः–

महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत मिश्रित निधि के भण्डार रजिस्अर पृ0 सं0 7 का अवलोकन करने पर पाया गया कि 11/06/2015 को कुल 8 रसीद बुक मै0 सैनी प्रिटिंग प्रैस, नाहन से प्राप्त की गई है परन्तु इस प्रविष्टि पर रसीदों की क्रम सं0 अंकित नही है। अतः ज्ञात करना कठिन है कि कौन सी रसीद बुक प्राप्त की व कौन सी प्रयोग में लाई गई है।

दैनिक संग्रह रजिस्टर अनुसार अंकेक्षण अवधि में निम्न रसीद बुकों के माध्यम से राशि प्राप्त की गई है जिसकी प्रविष्टि स्टाक रजिस्अर में दिखाने की कृपा करें–

क्र0सं0	रसीद सं0	प्रयोग अवधि
1	92–99	06/14
2	774–792	06/14 से 07/14
3	162–200	06/15 से 02/15
4	438–471	06/14 से 02/15
5	547–575	06/14
6	701–800	06/15 से 04/18
7	801–898	06/15 से 07/18
8	101–200	06/15 से 06/18
9	301–389	06/15 से 06/18
10	501–600	06/15 से 06/19
11	201–270	12/15 से 11/17
12	401–487	12/15 से 11/18
13	601–700	12/15 से 11/19
14	201–300	06/18 से 12/20
15	101–200	05/19 से 06/21
16	1–78	06/19 से 07/21
17	101–200	06/19 से 08/21
18	1–75	11/19 से 11/21
19	201–300	06/21 से 10/21
20	301–374	06/19 से 10/21
21	301–303	12/20 से 12/20

इसके अतिरिक्त अस्थायी स्टॉक रजिस्टर पेज सं0 187 अनुसार दिनांक 20/08/21 को कुल 25 रसीद बुक मै0 अरोडा प्रिन्टर्स से प्राप्त की गई है। अतः रसीद बुकों को भी एक ही भण्डार रजिस्टर/पृष्ठ पर दर्ज नहीं किया जा रहा है जो कि गलत है। इस बारे पक्ष स्पष्ट करते हुए सभी प्रविष्टियों को एक ही रजिस्टर में स्थानान्तरित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

3-10-22

ममता रावल,
अनुभाग अधिकारी,
राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
अंकेक्षण वृत सिरमौर,
कैम्प– राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन।